smc
Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (कृषि) 09 मार्च 2018

मसाले

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
इलायची (मार्च)	15-मार्च-18	1160.50	तेजी	06.03.18	1156.00	1120.00
इलायची (अप्रैल)	13-अप्रैल-18	1151.20	तेजी	06.03.18	1155.20	1130.00
धनिया (अप्रैल)	20-अप्रैल-18	5461.00	मंदी	29.12.17	6115.00	5700.00
धनिया (मई)	18-मई-18	5512.00	मंदी	12.02.18	5713.00	5800.00
जीरा (मार्च)	20-मार्च-18	14440.00	मंदी	05.01.18	17330.00	14800.00
जीरा (अप्रैल)	20-अप्रैल-18	14770.00	मंदी	12.02.18	16395.00	15000.00
हल्दी (अप्रैल)	20-अप्रैल-18	6736.00	मंदी	03.01.18	7594.00	6800.00
हल्दी (मई)	18-मई-18	6794.00	मंदी	03.01.18	7668.00	6900.00

तिलहन

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
सीपीओ (मार्च)	28-मार्च-18	643.40	तेजी	07.12.17	570.20	630.00
सीपीओ (अप्रैल)	30-अप्रैल-18	649.30	तेजी	28.02.18	600.40	635.00
रिफाइंड सोयातेल(मार्च)	20-मार्च-18	789.00	तेजी	03.01.18	735.15	770.00
रिफाइंड सोयातेल(अप्रैल)	20-अप्रैल-18	795.30	तेजी	03.01.18	742.65	775.00
आर एम सीड(अप्रैल)	20-अप्रैल-18	4204.00	तेजी	07.03.18	4218.00	4110.00
आर एम सीड(मई)	18-मई-18	4247.00	तेजी	07.03.18	4260.00	4160.00
सोयाबीन (मार्च)	20-मार्च-18	3802.00	साइडवेज	28.02.18	3802.00	-
सोयाबीन(अप्रैल)	20-अप्रैल-18	3824.00	साइडवेज	28.02.18	3851.00	-

अन्य कमोडिटीज

कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
कैस्टरसीड(मार्च)	20-मार्च-18	4141.00	मंदी	27.02.18	4063.00	4200.00
कैस्टरसीड(अप्रैल)	20-अप्रैल-18	4214.00	मंदी	27.02.18	4118.00	4240.00
कॉटनऑयलसीडकेक(मार्च)	20-मार्च-18	1447.00	मंदी	19.01.18	1765.50	1530.00
कॉटनऑयलसीडकेक(अप्रैल)	20-अप्रैल-18	1477.50	मंदी	06.02.18	1674.50	1560.00
ग्वारसीड(मार्च)	20-मार्च-18	4234.50	मंदी	14.02.18	4359.00	4450.00
ग्वारसीड(अप्रैल)	20-अप्रैल-18	4227.00	मंदी	26.02.18	4293.00	4460.00
मेंथा तेल(मार्च)	28-मार्च-18	1239.50	मंदी	02.01.18	1578.10	1320.00
मेंथा तेल(अप्रैल)	30-अप्रैल-18	1226.20	मंदी	02.01.18	1604.70	1290.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
इलायची	वंदनमेन्दू	1097.50	1103.30	-0.53
धनिया	कोटा	5395.10	5411.30	-0.30
जीरा	ऊंझा	16762.50	16800.00	-0.22
हल्दी	निजामाबाद	6700.00	6650.00	0.75

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
सीपीओ	कांडला	712.50	717.50	-0.70
आरएम सीड	जयपुर	4183.25	4193.85	-0.25
रिफाइंड सोयातेल	मुंबई	774.20	771.95	0.29
सोयाबीन	इंदौर	3838.00	3889.00	-1.31

कमोडिटीज	स्थान	बंद भाव	पिछला बंद भाव	% अंतर
ग्वारगम	जोधपुर	8874.00	9017.80	-1.59
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	1475.00	1525.00	-3.28
कॉटन	कड़ी	19528.95	19660.45	-0.67
ग्वारसीड	जोधपुर	4223.25	4290.00	-1.56
चीनी एम	कोल्हापुर	3428.55	3428.55	0.00
गेहूं	दिल्ली	1797.75	1797.00	0.04

कृषि कमोडिटीज आउटलुक

मसाले

हल्दी वायदा (अप्रैल) की कीमतों के 6600-6850 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है । इरोद बाजार में हल्दी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। कल बाजार में 4000 बैग हल्दी की आवक हुई है जिसमें से 3000 बैग की खरीददारी अधिक कीमतों पर हुई है। कारोबारियों के पास घरेलू ऑर्डर है इसलिए वे नयी हल्दी की और कुछ पुरानी हल्दी की खरीददारी कर रहे हैं। हाइब्रिड फिंगर वेराइटी की कीमतों में 300 रू और हाइब्रिड रूट वेराइटी की कीमतों में 100 रू की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह स्थानीय फिंगर वेराइटी की कीमतों में 250-400 रू और रूट वेराइटी की कीमतों में 200 रू की बढ़ोतरी हुई है। जीरा वायदा (अप्रैल) की कीमतों में 14400 रू के नजदीक सपोर्ट रह सकता है। ऊंझा में जीरे की हाजिर कीमतों में बढ़ोतरी हुई है जबकि राजकोट में जीरे की कीमतें सपाट है। घरेलू और विदेशी खरीददारों की ओर से अधिक मांग के कारण ऊंझा में जीरे की हाजिर कीमतों में 25 रू/20 किग्रा की बढ़ोतरी हुई है अधिक उत्पादन अनुमान के बावजूद कम सप्लाई और कम कैरीओवर स्टॉक के कारण कीमतों को मदद मिल रही है। धनिया वायदा (अप्रैल) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ 5400-5590 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। रामगंज और बरान बाजारों में धनिया की कीमतों में गिरावट हुई है जबकि गुना, कोटा और राजकोट बाजारों में कीमतों में स्थिरता है। अधिक आवक के बीच घरेलू और विदेशी खरीददारों की ओर से कमजोर मांग के कारण रामगंज और बरान बाजारों में धनिया की कीमतों में 100-200 रू/100 किग्रा की गिरावट हुई है।

तिलहन और खाद्य तेल

सोयाबीन(अप्रैल) वायदा की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 3800-3850 रू के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती हैं । स्थानीय और विदेशी खरीददारों की ओर से सोयामील की कमजोर मांग के कारण घरेलू बाजार में सोयाबीन की कीमतों पर दबाव है। बेंचमार्क इंदौर बाजार में सोयाबीन की कीमतें 50 रू की गिरावट के साथ 3700-3800 रू/100 किग्रा के दायरे में है जबकि सोयामील की कीमतें 300 रू की गिरावट के साथ 31200 रू/टन हो गई हैं। घरेलू बाजार में पॉल्ट्री उद्योग की ओर से सोयामील की मांग कम हो रही है जबकि अधिक कीमत होने के कारण विदेशी बाजारों में भी सोयामील की मांग कम हो रही है। रिफाइंड सोया तेल वायदा (अप्रैल) की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 790-800 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं जबकि सीपीओ(मार्च) वायदा की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 638-650 रू के दायरे में कारोबार कर सकती हैं । अब तक के उच्च स्तर 650-652 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। अमेरिकी सोयाबीन के अधिक उत्पादन अनुमान और सोया तेल के अधिक भंडार के अनुमान के कारण खाद्य तेलों की कीमतों की बढ़त पर रोक लगी रह सकती है। अमेरिकी सोया तेल की कीमतों के 30-33 सेंट के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। सरसों वायदा (अप्रैल) की कीमतों को 4230 के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है । बेंचमार्क जयपुर बाजार में सरसों की कीमतें 20 रू की गिरावट के साथ 4190-4195 रू/100 किग्रा के दायरे में कारोबार कर रही हैं जबकि कच्ची घानी सरसों तेल की कीमतें 805 रू/10 किग्रा के स्तर पर कारोबार कर रही हैं। नयी फसल की आवक और कीमतों में गिरावट की उम्मीद से मिलों की ओर से सरसों की मांग कम हो रही है।

अन्य कमोडिटीज

कपास वायदा (अप्रैल) की कीमतों के 965-970 रू के स्तर पर पहुंचने की संभावना है। अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार 2017-18 में कम उत्पादन, अधिक निर्यात और कम अंतिम स्टॉक के कारण कीमतों को मदद मिल रही है। मौजूदा सीजन में अमेरिकी उत्पादन क्षेत्र, उत्पादकता और उत्पादन का अंतिम रिपोर्ट कपास की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पिछले महीने में कपास के घरेलू मिलों के उपयोग में कोई बदलाव नही हुआ है और निर्यात 300000 बेल बढ़कर 14.8 मिलियन बेल होने का अनुमान है जबकि अंतिम स्टॉक 500000 बेल कम होकर 5.5 मिलियन टन रहने का अनुमान है। निचले स्तर पर खरीददारी के कारण कॉटनऑयलसीडकेक वायदा (अप्रैल) की कीमतों में 1430 रू के स्तर पर सपोर्ट के साथ रिकवरी हो सकती है। बढ़ती मांग के कारण कैस्टरसीड वायदा (अप्रैल) की कीमतें 4170 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 4250 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती है । देश भर के हाजिर बाजारों में लुब्रिकेन्ट उद्योगों की ओर से अधिक मांग और कम सप्लाई के कारण कीमतों को मदद मिल रही है। मेंथा ऑयल वायदा (मार्च) की कीमतें यदि 1245 रू के नजदीक सपोर्ट स्तर को पार करती है तो 1260-1300 रू तक बढ़त दर्ज की जा सकती है। निचले स्तर पर खरीददारी के कारण उतरप्रदेश के प्रमुख बाजारों में मेंथा ऑयल की कीमतों में तेजी का रूझान है। जहां तक निर्यात मांग की बात है तो पिछले तीन महीने में चीन की ओर से काफी कम आयात हुआ है। लेकिन आगामी दिनो में चीन की ओर से मांग में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
सुब्रोनिल डे	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 674	**subhranildey@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।